## जन–सुनवाई कार्यवाही विवरण

श्री कृष्णानंद सनाढ्य, खनन पट्टा संख्या 25/2007 की प्रस्तावित सेण्ड स्टोन खनन परियोजना, खनन क्षेत्र 2.5566 हेक्टेयर (1.62 हेक्टेयर (वर्तमान) + 0.9366 हेक्टेयर विस्तार), प्रस्तावित उत्पादन क्षमता 3,85,318 TPA (ROM) निकट ग्राम–डाबी, तहसील–तालेड़ा, जिला–बून्दी (राज.) कुल कलस्टर क्षेत्रफल–51.9127 हेक्टेयर खनन परियोजना से सम्बन्धित प्रस्तावित सेण्ड स्टोन खनन परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 एवं समय–समय पर संशोधित अधिसूचनाओं के प्रावधानों के तहत पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आयोजित जन सुनवाई दिनांक 29-04-2026 को प्रातः 11:00 बजे स्थान भारत निर्माण राजीव गाँधी सेवा केन्द्र, डाबी, तहसील एवं पंचायत समिति–तालेड़ा, जिला–बून्दी का कार्यवाही विवरणः–

वन, पर्यावरण, एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 एवं समय–समय पर संशोधित अधिसूचनाओं के प्रावधानों की अनुपालना में कार्यालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट बूंदी के पत्र क्रमांकः– प.12–12( )राजस्व/2026/1876-84 दिनांक 18-03-2026 (संलग्नक–अ) के अनुक्रम में दिनांक 29-04-2026 को प्रातः 11:00 बजे स्थान भारत निर्माण राजीव गाँधी सेवा केन्द्र डाबी, तहसील एवं पंचायत समिति–तालेड़ा, जिला–बून्दी (राजस्थान) में श्री कृष्णानंद सनाढ्य, खनन पट्टा संख्या 25/2007, की प्रस्तावित सेण्ड स्टोन खनन परियोजना, खनन क्षेत्र 2.5566 हेक्टेयर (1.62 हेक्टेयर (वर्तमान) + 0.9366 हेक्टेयर विस्तार), प्रस्तावित उत्पादन क्षमता 3,85,318 TPA (ROM) निकट ग्राम–डाबी, तहसील–तालेड़ा, जिला–बून्दी (राज.) कुल कलस्टर क्षेत्रफल–51.9127 हेक्टेयर से सम्बन्धित प्रस्तावित सेण्ड स्टोन खनन परियोजना की पर्यावरण स्वीकृति हेतु जनसुनवाई उपखण्ड अधिकारी, तालेड़ा, जिला–बूंदी (राजस्थान) की अध्यक्षता में आयोजित की गयी।

पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु जनसुनवाई निम्न अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित की गयीः–

1. श्री ऋतुराज शर्मा, उपखण्ड अधिकारी, तालेड़ा, जिला–बूंदी।
2. श्रीमती योग्यता सिंह, क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्ड़ल, बून्दी।

जनसुनवाई में उपस्थित अधिकारीगण, जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्र के ग्रामवासी व अन्य का उपस्थिति–पत्र मय हस्ताक्षर संलग्न है (संलग्नक–ब)। उक्त जनसुनवाई के लिए नियमानुसार राष्ट्रीय समाचार पत्र "द इण्डियन एक्सप्रेस" में दिनांक 26.03.2026 और स्थानीय समाचार पत्र "जननायक" में दिनांक 26.03.2026 को आमसूचना निर्धारित

योग्यता
क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
बून्दी (राजस्थान)

उपखण्ड अधिकारी
तालेडा जिला बून्दी (राज०)

जनसुनवाई से 30 दिन पूर्व प्रकाशित की गई थी, समाचार पत्रों की फोटो प्रतियाँ संलग्न है (संलग्नक–स)। जनसुनवाई की विडियो रिकोर्डिंग डी.वी.डी./पेन ड्राइव एवं फोटो ग्राफ संलग्न है (संलग्नक–द)।

श्री ऋतुराज शर्मा, उपखण्ड अधिकारी, तालेड़ा, जिला–बूंदी की अनुमति से जनसुनवाई की कार्यवाही प्रारम्भ करते हुए श्रीमती योग्यता सिंह, क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, बून्दी ने उपस्थित जन–समूह को जनसुनवाई के प्रावधानों, उद्देश्यों तथा महत्व के बारे में बताते हुए उपस्थित जनसमूह से यह अपील की, कि वे परियोजना प्रस्तावक द्वारा खनन परियोजना के बारे में जो जानकारी दी जायेगी, उसे सुने तत्पश्चात् आपको यदि इसके बाबत कोई सुझाव या शिकायत हो तो कृपया सब से पहले अपना परिचय दे जिसमें आपका नाम तथा गाँव बतावें साथ ही सुझाव/शिकायत/आक्षेप जो भी हो लिखित अथवा मौखिक जैसा आप उचित समझे हमें दे सकते है।

उन्होने यह भी अवगत कराया कि इस जनसुनवाई के दौरान आप द्वारा जो भी सुझाव या शिकायत दी जायेगी चाहे वह लिखित हो या मौखिक हो उसे हम कलमबद्ध करेंगे तथा जनसुनवाई में होने वाली कार्यवाही की फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी भी की जा रही है। हम आपके लिखित/मौखिक रूप में प्राप्त सभी सुझाव एवं आक्षेप कलमबद्ध करके वीडियो रिकोर्डिंग मय फोटोग्राफ्स के साथ कार्यवाही विवरण (Minutes of Meeting) बनाकर नोटिफिकेशन के अनुपालना स्वरुप राज्य स्तर पर्यावरण समाद्यात निर्धारण प्राधिकरण (SEIAA), राजस्थान को प्रेषित करेंगे।

तत्पश्चात् क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्ड़ल, बून्दी ने परियोजना प्रस्तावक को प्रस्तावित सेण्ड स्टोन खनन परियोजना के बारे में उपस्थित ग्रामवासियों/जनसमूह को अवगत कराने हेतु आमंत्रित किया।

इसके पश्चात परियोजना प्रस्तावक के पर्यावरणीय सलाहकार मैं. एजिज एन्वायर्नमेंट रिसर्च प्रा. लिमिटेड, नोएड़ा द्वारा प्रस्तावित सेण्ड स्टोन खनन परियोजना के बारे में उपस्थित जनसमुदाय को विस्तृत जानकारी पॉवर पॉइन्ट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से प्रदान की गई जिसमे खनन पटटे के स्थान, खनन पट्टा क्षेत्रफल, कुल क्लस्टर क्षेत्रफल, उत्पादन क्षमता, समाचार पत्र मे छपवाई गई आम सूचना की जानकारी, क्लस्टर की जानकारी, टर्म ऑफ रेफरेन्स (TOR) की जानकारी, परियोजना का खसरा नक्शा की जानकारी, आरक्षित/संरक्षित वनक्षेत्र की जानकारी, क्लस्टर के गूगल चित्र की जानकारी, अध्ययन क्षेत्र के 10 कि.मी. बफर नक्शें की जानकारी, खनन की विधि, खनिज, संभावित खनिज भंडार, निकटतम गाँव/शहर, निकटतम रेल्वे स्टेशन, निकटतम ग्राम सड़क/जिला सड़क/राज्य राजमार्ग, निकटतम राजमार्ग, निकटतम हवाई अड्डा, निकटतम नदी/जलाशय, खनन अध्ययन क्षेत्र में जल की गुणवत्ता की वर्तमान स्थिति, जल की गुणवत्ता का प्रबंधन के उपाय, खनन अध्ययन क्षेत्र में वायु गुणवत्ता की वर्तमान स्थिति, वायु प्रदूषण नियंत्रण के उपाय, ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण के उपाय, गारलेंड, दीवार,

उपखण्ड अधिकारी
तालेडा जिला बून्दी (राज०)

योग्यता
...य अधिकारी
...स्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल

वृक्षारोपण/हरित पट्टी का विकास, श्रमिकों के लिए बजट आवंटन, आदि से सम्बन्धित जानकारी प्रदान की गई।

उपखण्ड अधिकारी महोदय द्वारा जन सुनवाई मे उपस्थित ग्रामीणो से जन सुनवाई मे उपस्थित होने की सूचना प्राप्ति के बारे मे पूछने पर परियोजना प्रस्ताव द्वारा क्षैत्र मे उक्त जनसुनवाई का प्रचार प्रसार समाचार पत्रो राष्ट्रीय समाचार पत्र ''द इण्डियन एक्सप्रेस'' व स्थानीय समाचार पत्र '''जननायक'' में तथा क्षेत्र मे माईक से मुनादि के माध्यम से जनसुनवाई के बारे मे सूचित किया जाना अवगत कराया गया जिस पर उपखण्ड अधिकारी महोदय द्वारा भविष्य मे क्षैत्र मे प्रचलित स्थानीय समाचार पत्रो मे भी सूचना दिये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

जनसुनवाई के दौरान उपखण्ड अधिकारी महोदय द्वारा परियोजना प्रस्तावक द्वारा किये गए पौधारोपण के सम्बन्ध में जानकारी चाही जिस पर परियोजना प्रस्तावक ने बताया कि हमारे द्वारा हर साल माईन्स एसोसिएशन के माध्यम से नाला की माताजी, ग्राम–भवानीपुरा एवं गौपाल गौशाला, ग्राम पराना मे पौधारोपण किया जाता है।

उपखण्ड अधिकारी महोदय द्वारा जनसुनवाई मे जनप्रतिनिधियो यथा सरपंच/वार्ड पंच आदि की उपस्थिति के बारे मे जानकारी चाही गई। जनप्रतिनिधियो की अनुपस्थिति पाये जाने पर परियोजना प्रस्ताव तथा क्षैत्रीय अधिकारी को भविष्य मे आयोजित होने वाली पर्यावरणीय जनसुनवाई अन्तर्गत क्षैत्र के जनप्रतिनिधिगणो की उपस्थिति हेतु सूचित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

तत्पश्चात् क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल, बून्दी ने उपस्थित जनसमुदाय को अपने सुझाव/विचार/आपत्ति प्रस्तुत करने हेतु आमन्त्रित किया। उपस्थित जन–समुदाय द्वारा कोई सुझाव/विचार/आपत्ति/आक्षेप प्राप्त नही हुए है।

तत्पश्चात क्षेत्रीय अधिकारी महोदया ने उपस्थित सभी लोगो का धन्यवाद करते हुए जनसुनवाई की कार्यवाही समाप्त की।

उक्त जनसुनवाई के दौरान/पहले/बाद इस परियोजना से सम्बन्धित कोई लिखित सुझाव/शिकायत/आक्षेप/आपत्ति प्राप्त नही हुई।

संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।

योग्यता
(योग्यता सिंह)
क्षैत्रिय अधिकारी,
राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मण्डल,बून्दी
क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
बून्दी (राजस्थान)

(ऋतुराज शर्मा)
उपखण्ड अधिकारी, तालेड़ा
जिला–बूंदी
उपखण्ड अधिकारी
तालेडा जिला बून्दी (राज०)

संलग्नक – अ

# कार्यालय जिला कलक्टर बून्दी

संख्या – 24

दिनाँक 18/03/2026

## आदेश

क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल बून्दी के पत्र कमांक RPCB/RO BUNDI/BU-174/ 3259 date 05-03-2026 से अवगत कराया कि श्री कृष्णानन्द सनाढ्य द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर बलुआ पत्थर खनन परियोजना हेतु पर्यावरण मंजूरी हेतु सार्वजनिक सुनवाई के लिए कलस्टर प्रोजेक्ट एरिया 51.9127 हैक्टेयर, एम.एल. नम्बर 25/2007 रकबा 2.5566 हैक्टेयर प्रस्तावित क्षमता 385318 टीपीए ग्राम डाबी तहसील तालेड़ा में स्थित है, के संबंध में भारत सरकार के गजट नोटिफिकेशन दिनांक 14.09.2006 के सन्दर्भ में परियोजनाओं के लिए जनसुनवाई आवश्यक बताते हुये पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए जनसुनवाई रखने हेतु जिला कलक्टर या उनके द्वारा मनोनीत प्रतिनिधी नियुक्त करते हुये कम से कम 40 दिवस का समय (तिथि) का मार्जिन रखने व सुनवाई हेतु स्थल निर्धारित रखने हेतु निवेदन किया है।

अतः पर्यावरणीय आपत्ति/अनापत्ति बाबत जनसुनवाई करने हेतु उपखण्ड अधिकारी, तालेडा को जिला कलक्टर का प्रतिनिधि मनोनीत किया जाता है तथा साथ ही तहसील एवं पंचायत समिति तालेडा(बून्दी) के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र,डाबी " पर दिनांक 29.04.2026 को समय प्रातः 11.00 बजें पर सुनवाई हेतु स्थान व समय निर्धारित किया जाता है।

क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल बून्दी EIA के अनुसार गजट में प्रकाशन करवाकर आपत्तियाँ प्राप्त कर जनसुनवाई का नियमानुसार प्रचार–प्रसार करने की कार्यवाही करेगें।

( अक्षय गोदारा )
जिला कलक्टर,बून्दी

क्रमाँक – प.12–12( )राजस्व/2026/ 1876-84
दिनाँक 18/03/2026

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. मुख्य कार्यकारी अधिकारी,जिला परिषद,बून्दी
2. अति० जिला कलक्टर,बून्दी
3. उपखण्ड अधिकारी,तालेडा
4. क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल,बून्दी
5. विकास अधिकारी,पंचायत समिति तालेडा/तहसीलदार,तालेडा
6. ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत डाबी पंचायत समिति तालेडा
7. श्री कृष्णानन्द सनाढ्य निवासी 3–ए–5 तलवण्डी कोटा पिन 324005
8. आदेश पत्रावली।

जिला कलक्टर,बून्दी

भोगप्रता 18/3/26 AEE

18/03/2026 LPC

Signature valid

Digitally signed by Akshay Godara
Designation : Collector & District Magistrate
Date: 2026.03.18 18:57:01 IST
Reason: Approved

conversion,2022

RajKaj Ref No.: 21070717



Scanned with OKEN Scanner

संलग्नक : ब

# उपस्थिति पत्रक

श्री कृष्णानंद सनाढ्य, खनन पट्टा संख्या 25/2007, खनन क्षेत्र 2.5566 हेक्टेयर (1.62 हेक्टेयर (वर्तमान) + 0.9366 हेक्टेयर विस्तार), प्रस्तावित उत्पादन क्षमता 3,85,318 TPA (ROM) निकट ग्राम–डाबी, तहसील–तालेड़ा, जिला–बून्दी (राज.) खनन परियोजना हेतु आयोजित पर्यावरणीय स्वीकृति से सम्बन्धित जन सुनवाई दिनांक 29-04-2026 (बुधवार) को स्थान भारत निर्माण राजीव गाँधी सेवा केन्द्र, राजपुरा, तहसील एवं पंचायत समिति–तालेड़ा, जिला–बून्दी में समय प्रातः 11:00 बजे में उपस्थित अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं नागरिको का उपस्थिति पत्रकः–

| क्र.स. | व्यक्ति का नाम | पता / विभाग का नाम | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1 | Sh. Rituraj Sharma, RAS | SDM, TALERA | [signature] |
| 2 | Yogyata Singh | RO, RSPCB, Bundi | योग्यता |
| 3 | RAKESH Meena | RSPCB, Bundi | [signature] |
| 4 | Kaynat Aslam | Aggies environmental Research Pvt. Ltd., Udaipur | [signature] |
| 5 | [illegible] | मु.-पो. डाबी तह. तालेड़ा बूंदी | [signature] |
| 6 | Krishnanand Sanadhya | E-238 Shrinath Puram Kota | [signature] |
| 7 | ओम प्रकाश [illegible] | ग्राम डाबी बैंक ऑफ बड़ौदा के पास | ओम प्रकाश [illegible] |
| 8 | देवी सिंह जी [illegible] | [illegible] | [signature] |
| 9 | [illegible] | डाबी | [signature] |
| 10 | | | |
| 11 | [illegible] पोरूलाल | डाबी | [thumb impression] |
| 12 | किशोर | डाबी | [thumb impression] |
| 13 | | | |
| 14 | नन्द लाल राठौर | डाबी | नन्द लाल |

Scanned with OKEN Scanner

जन सुनवाई उपस्थिति पत्रक – श्री कृष्णानंद सनाढ्य, खनन पट्टा सं. 25/2007 (1.62 हेक्टेयर (वर्तमान) + 0.9366 हेक्टेयर विस्तार) निकट ग्राम–डाबी, तहसील–तालेड़ा, जिला–बूंदी (राज.), जन सुनवाई दिनांक 29-04-2026 (बुधवार), समय प्रातः 11:00 बजे, स्थान–भारत निर्माण राजीव गाँधी सेवा केन्द्र, राजपुरा, तहसील एवं पंचायत समिति–तालेड़ा, जिला–बून्दी

| क्र.सं. | व्यक्ति का नाम | पता/विभाग का नाम | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 15 | Prashant Kumar Rathore | Dabi, bundi | Prashant Rathore |
| 16 | नन्दकिशोर S/o मांगीलाल | डाबी बून्दी | नन्दकिशोर |
| 17 | सुनील बन्जारा | डाबी कंवरपुरा बून्दी | [illegible] |
| 18 | Dal Chand | Udaipur | [illegible] |
| 19 | Jitendra Kumar Rathore | Dabi | [illegible] |
| 20 | कैलाशचन्द्र राठौर | डाबी | कैलाशचन्द्र राठौर |
| 21 | शिवराज | डाबी | शिवराज |
| 22 | अशोक सिंह | सुतड़ा | अशोक सिंह |
| 23 | दिनेश कुमार सनाढ्य | कोटा | दिनेश |
| 24 | महावीर मेघवाल | डाबी | Mahaveer |
| 25 | मुकेश [illegible] | डाबी | मुकेश [illegible] |
| 26 | छोटूलाल | डाबी | |
| 27 | | डाबी | छोटूलाल |
| 28 | सीताराम | डाबी | सीताराम |
| 29 | मजहर | [illegible] | Mazhar |
| 30 | सद्दाम | डाबी | Saddam |
| 31 | शारिक | डाबी | शारिक |
| 32 | कृष्णमुरारी | डाबी | Ghanshyam |
| 33 | लाला | डाबी | लाला |
| 34 | | | |

Scanned with OKEN Scanner

